छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति
संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग
द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ 492002

''विज्ञापन''

एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के अंतर्गत किशोर न्याय बोर्ड एवं बालक कल्याण समिति में सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत एकीकृत बाल संरक्षण योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार एकीकृत बाल सरंक्षण योजना के कियान्वयन हेतु किशोर न्याय बोर्ड एवं बालक कल्याण समिति में सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर पद पर संविदा भर्ती के लिये पात्र आवेदकों से **दिनांक 31 अक्टूबर 2015** तक आवेदन आमंत्रित हैं। पदों एवं आवेदन प्रकिया का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	जिले का नाम	बालक कल्याण समिति सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु संविदा वेतन एवं स्वीकृत पद संख्या	किशोर न्याय बोर्ड में सहायक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु संविदा वेतन एवं स्वीकृत पद संख्या
	संविदा वेतन	9000/-	9000/-
1	बालोद	01	01
2	बलोदाबाजार	01	01
3	बलरामपुर	01	01
4	बस्तर	01	01
5	बेमेतरा	01	01
6	बीजापुर	01	01
7	बिलासपुर	01	01
8	दन्तेवाड़ा	01	01
9	धमतरी	01	01
10	दुर्ग	01	01
11	गरियाबंद	01	01
12	जाँजगीर	01	01
13	जशपुर	01	01
14	कांकेर	01	01
15	कवर्धा	01	01
16	कोंडागांव	01	01
17	कोरबा	01	01
18	कोरिया	01	01
19	महासमुन्द	01	01
20	मुंगेली	01	01
21	नारायणपुर	01	01
22	रायगढ़	01	01
23	रायपुर	01	01
24	राजनांदगांव	01	01
25	सरगुजा	01	01
26	सुकमा	01	01
27	सुरजपुर	01	01

आवेदन पत्र www.cgstate.gov.in and www.cgwcd.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है :–

निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किये जावें –

1. आवेदन पत्र संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्तुत करना होगा।
2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2015 है।

प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी :–

पदनाम	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	अनिवार्य कौशल	अनुभव	वांछनीय योग्यता
सहायक सह–डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	1. कक्षा 12वीं (10+2) बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण अथवा कक्षा 10वीं बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण। 2. डाटा एन्ट्री आपरेटर/ प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा	हिन्दी में 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति।	शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्यालय सहायक/सहायक के रूप में कम से कम 2 वर्ष का कार्यानुभव।	अंग्रेजी भाषा में कम्प्यूटर पर कार्य करने में दक्षता

उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्तें :–

1. संविदा नियुक्ति 2 वर्ष के लिए होगी । तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले के सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी ।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसाार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा । अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी ।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है । संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है ।
4. आवेदक की आयु दिनांक 1सितम्बर 2015 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए ।
5. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है । सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें ।
6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा । निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए ।
7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे । आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्व प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए ।
8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी एवं स्व प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ।
9. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को आवेदन देने संबंधित जानकारी अपने नियोक्ता को देना होगा ।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे तथा इसके संबंध में उम्मीद्वारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

11. उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीद्वार आवेदन ना करें ।

12. प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन देना होगा । लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदित किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है । लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए ।

13. स्किल टेस्ट/कम्प्यूटर परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा ।

14. आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे । **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे ।** आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें ।

15. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रकिया निम्नानुसार रहेगी :–

पदनाम	चयन प्रकिया
सहायक सह–डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक, 2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे। तथा 3. टायपिंग एवं कम्प्यूटर परीक्षा पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे। (टायपिंग परीक्षा भी कम्प्यूटर पर ली जावेगी)

उपरोक्तानुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंको की मेरिट सूची के आधार पर मेरिट क्रम में 1 पद के लिए अधिकतम 10 उम्मीदवारों को स्किल टेस्ट/कम्प्यूटर परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा।

16. प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में संबंधित जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।

17. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.cg.gov.in अथवा WWW.cgwcd.gov.in पर देखी जा सकती है ।

18. अपात्र अथवा मेरिट क्रम में न आने वाले अभ्यार्थियों को सूचना नही दी जायेगी। चुने हुए अभ्यार्थियों को मेल एवं एसएमएस से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाईल नं. का उल्लेख आवेदन पत्र में किया जावे।

19. आवेदक का आवेदन **दिनांक 31 अक्टूबर 2015 को सायं 5.00 बजे** तक संबंधित कार्यालयों में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए । इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

20. **महत्वपूर्ण सूचना – यदि उपरोक्त पदों के लिए राज्य स्तर पर आवेदन भेजा जाता है तो उस पर कोई कार्यवाही न करते हुए निरस्त माना जायेगा।**

संचालक
संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग
एवं सचिव राज्य बाल संरक्षण समिति
रायपुर–छत्तीसगढ़

D:\Data as on 03.01.2011\My Documents\2013-14\icps\ICPS Vicancy\District Level Advt\District level advtt. August 2015\dist advt.CWC & JJB Computer operator.doc

आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं द्वारा पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर किया जावे जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें

प्रति,

.....

.....

.....

1. आवेदित पद का नाम एवं जिले का नाम :– .....
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– .....

   (अंग्रेजी में) :–.....
3. पिता/पति का नाम :– .....
4. स्थायी पता :– .....

   .....
5. (पत्र व्यवहार का पता) :– .....

   .....दूरभाष/मोबाईल.....
6. जन्मतिथि (अंकों में) :– .....

   (शब्दों में) :–.....
7. दिनांक 01/09/2015 को आयु :–.....
8. लिंग पुरूष/महिला :– .....
9. जाति/वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति ..... वर्ग .....
10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :–.....
11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यत्ता :– .....
12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :– .....
13. शैक्षणिक योग्यता :–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क.	उत्तीर्ण परीक्षा	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/संस्था का नाम	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत	श्रेणी

14. अन्य योग्यता का विवरण :– .....

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– .....

संस्था का नाम	पद नाम	अनुभव का विवरण कब से कब तक	वेतन एवं पद छोड़ने का कारण

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं ।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची –

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

17. अन्य संलग्नकों का विवरण

1.....

2.....

3.....

4.....

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

घोषणा–पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान – .....

दिनांक – .....